आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांश

देहरादून (उत्तराखण्ड)

मंगलवार 29.10.2024

समय 1305

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नव–नियुक्त युवाओं को 51 हजार से अधिक नियुक्ति पत्र सौंपे।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने असिस्टेंट प्रोफेसरों को नियुक्ति पत्र वितरित किए, कहा– सरकार भर्ती अभियान चलाकर अन्य रिक्त पदों को भी भरेगी।
- उत्तरकाशी में कानून व्यवस्था के मद्देनजर लगाई गई भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा–163 को समाप्त किया गया।
- प्रधानमंत्री ऋषिकेश स्थित एम्स में देश की पहली एयर एम्बुलेंस सेवा, ''संजीवनी'' का उद्घाटन करेंगे।
- आज देशभर में धनतेरस का त्योहार मनाया जा रहा है।

रोज़गार मेला

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नव–नियुक्त युवाओं को 51 हजार से अधिक नियुक्ति पत्र सौंपे। वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से आयोजन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि युवाओं को स्थायी सरकारी नौकरियां देने के प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। देश में 40 स्थानों पर रोजगार मेलों का आयोजन किया गया। राजधानी देहरादून में भी रोजगार मेले का आयोजन किया गया। केंद्रीय सड़क एवं परिवहन राज्य मंत्री अजय टम्टा और कृषि मंत्री गणेश जोशी ने 255 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे। देश के अलग अलग राज्यों में किया गया है रोजगार मेले का आयोजन केन्द्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में नव–नियुक्त लोगों को कर्मयोगी प्रारंभ के माध्यम से आधारभूत प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। आईजीओटी कर्मयोगी पोर्टल पर ऑनलाइन मॉड्यूल और 1400 से अधिक पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं, जो नव–नियुक्तों को विकसित भारत के निर्माण में प्रभावी सेवा के लिए आवश्यक कौशल से लैस करेंगे।

नियुक्त पत्र वितरण

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज देहरादून में लोक सेवा आयोग के माध्यम से चयनित असिस्टेंट प्रोफेसरों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले समय में सरकार भर्ती अभियान चलाकर अन्य रिक्त पदों को भी भरेगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं का विकास किया जा रहा है, ताकि राज्य के छात्रों को अच्छी शिक्षा मिले। शोध को बढ़ावा देने के लिए अनुदान दिया जा रहा है। सरकार के स्तर पर युवाओं को बेहतर शिक्षा देने के लिए गुणवत्तापरक शिक्षा देने के प्रयास किए जा रहे हैं, जिसमें शिक्षकों की भागीदारी जरूरी है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विकल्प रहित संकल्प के साथ राज्य का विकास करने की दिशा में काम कर रही है। राज्य में बुनियादी ढांचे को मजबूत किया जा रहा है।

धारा 163

उत्तरकाशी जिले में सुरक्षा और कानून व्यवस्था के मद्देनजर लगाई गई भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा– 163 को समाप्त कर दिया गया है। जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने कल देर शाम इसके आदेश जारी किए। गौरतलब है कि उत्तरकाशी शहर में जन आक्रोश रैली के दौरान हुए बवाल के चलते जिले में 24 अक्टूबर से धारा 163 प्रभावी थी।

हेली एंबुलेंस सेवा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज धन्वंतरि जयंती और 9वें आयुर्वेद दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़ी कई परियोजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास किया। लगभग 12 हजार 850 करोड़ रुपये की लागत वाली इन स्वास्थ्य परियोजनाओं में ऋषिकेश स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में हेली एंबुलेंस सेवा का उद्‌घाटन भी किया । उद्‌घाटन समारोह में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी मौजूद रहे। हेली एंबुलेंस सेवा शुरू होने से बिना समय गंवाए मरीज की जान बचाई जा सकेगी। हेली एम्बुलेंस में वेंटीलेटर सहित सभी आवश्यक जीवनरक्षक उपकरण उपलब्ध रहेंगे। इसमें चिकित्सक सहित आवश्यक मेडिकल स्टाफ तैनात रहेगा।

धनतेरस

आज पूरे देश में धनतेरस का त्योहार मनाया जा रहा है। धनतेरस के साथ ही 5 दिन तक चलने वाले दीपोत्सव की शुरुआत हो गई है। आज का दिन परंपरागत रूप से सोने और चांदी की खरीदारी के लिए काफी शुभ माना जाता है। हिंदू धर्म की मान्यताओं के अनुसार धनतेरस के दिन सोने और चांदी की खरीदारी से पूरे साल लक्ष्मी का आशीर्वाद बना रहता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लोगों को धनतेरस, दीपावली, भैया दूज और गोवर्धन पूजा की शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पर पोस्ट में श्री मोदी ने

कामना की कि भगवान धन्वंतरि के आशीर्वाद से सभी का जीवन हमेशा अच्छे स्वास्थ्य, खुशहाली और समृद्धि से भरा रहे। राज्यपाल ने कहा कि दीपों का यह पर्व सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और सौभाग्य को लेकर आए। मुख्यमंत्री ने कहा कि दीपावली का यह पर्व राष्ट्रीय अस्मिता और गौरव का भी पर्व है। श्री धामी ने कहा कि दीपावली का पर्व सत्य, सद्भावना और मर्यादा का भी संदेश देता है।

रन फॉर यूनिटी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज सुबह देहरादून के पवेलियन ग्राउंड से ओपन 'रन फॉर यूनिटी' क्रॉस कंट्री दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में इस दौड़ का आयोजन किया जाता है। सरदार पटेल का जन्म वर्ष 1875 में 31 अक्टूबर को हुआ था।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरदार पटेल ने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति, दूरदर्शिता और अटूट समर्पण के माध्यम से अखंड भारत का सपना साकार किया। श्री धामी ने कहा कि इस 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन इसी उद्देश्य से किया गया है कि प्रत्येक नागरिक के भीतर 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भावना जागृत हो। उन्होंने कहा कि यह एक सामान्य दौड़ नहीं, बल्कि यह हमारे देश की एकता और अखंडता को मजबूती प्रदान करने का एक माध्यम भी है।

दून मेडिकल कॉलेज

राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग–एन.एम.सी ने राजकीय दून मेडिकल कॉलेज में एमडी पीडियाट्रिक्स पाठ्यक्रम के लिए सात नई सीटों को मंजूरी दी है। यह पहला मौका है जब दून मेडिकल कॉलेज को पीडियाट्रिक्स में एमडी पाठ्यक्रम के लिए मान्यता मिली है। चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा का आभार जताया है। राज्य में चिकित्सा शिक्षा के विस्तार और सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की कमी को दूर करने पर जोर देते हुए डॉ. रावत ने कहा कि इसके लिए हर मेडिकल कॉलेज में स्नातकोत्तर कक्षाएं संचालित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि राज्य की आवश्यकता को देखते हुए शैक्षणिक सत्र 2025–26 के लिए प्रत्येक मेडिकल कॉलेज के लिए सभी पाठ्यक्रमों में 100–100 सीटों की मान्यता दिलाने का लक्ष्य रखा गया है।

राज्य स्तरीय बेसबाल प्रतियोगिता

नई टिहरी के बौराड़ी खेल मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय बेसबॉल प्रतियोगिता में टिहरी विजेता और देहरादून की टीम उपविजेता बनी। भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश नौटियाल ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया। पुरस्कार वितरण के साथ ही बेसबॉल प्रतियोगिता का समापन हुआ। प्रतियोगिता में कुल 8 जिलों की टीमों ने हिस्सा लिया।